खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

epaper.shubhlabhdaily.com
30 Jan 2025 - Page 11

रोटरी क्लब ऑफ हैदराबाद मिडटाउन द्वारा

वनिता महाविद्यालय को साईकिलें प्रदान की

हैदराबाद, 29 जनवरी (शुभ लाभ ब्यूरो)। बालिका सशक्तिकरण के अंतर्गत रोटरी क्लब ऑफ़ हैदराबाद मिडटाउन द्वारा, नामपल्ली स्थिति सरोजिनी नायडू वनिता महा विद्यालय को साईकिले प्रदान की गयी. इन साइकिलों का प्रयोग वहां पढ़ रही छात्राओं को साईकिल चलाने का प्रशिक्षण के लिए होगा।

इस अवसर पर कालेज की प्राचार्या डॉ. शोभना ने रोटरी क्लब ऑफ़ हैदराबाद मिड टाउन के अध्यक्ष अमरदीप सिंह और सचिव हजीरा का आभार व्यक्त करते हुआ कहा रोटरी द्वारा प्रदान की गए साइकिलों से कई छात्राओं को लाभ होगा। मिडटाउन के अध्यक्ष श्री अमरदीप सिंह ने अपने सम्बोधन में रोटरी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किये गए सामाजिक कार्यों के बारे में बताया विशेषकर पोलियो उन्मूलन जिसमे रोटरी की प्रतिबद्धता सर्वविदित है। विकाशशील से विकसित भारत के सफर के बारे में बोलते हुए उन्होंने नौकरी और व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर दिया। साईकिल चलाना सीखना उसका एक महत्वपूर्ण कदम है यह न केवल फिटनेस बरक़रार रखता है आपितु आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक है।

कार्यक्रम के अतिथि हैदराबाद साइकिलिस्ट ग्रुप के जनक श्री रविंदर नंदनूरी ने साइकिल चलाने होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा की यह पर्यावरण और सेहत के साथ साथ व्यक्तित्व निर्माण में सहायक है. उनके साईकिल के जुड़े अनोखे किस्सों ने सभी को अचंभित कर दिया। श्री रविंदर ने सुरक्षित साईकिल चलाने के टिप्स भी साझा किए। उनके आग्रह पर छात्रों के फिट इंडिया हैल्थी इंडिया का नारा भी लगाया।

कार्यक्रम की संचालिका और रोटरी क्लब ऑफ़ हैदराबाद मिड टाउन की सचिव सुश्री हजीरा अदीब ने सेवा का अवसर देने के लिए स्कूल प्रबंधन का आभार जताया. उन्होंने वहां उपस्थित सभी छात्राओं के साईकिल सीखने के प्रति उत्साह और प्रतिबद्धता को भी सराहा। इस अवसर पर कालेज के सह प्राचार्य डॉ. सुब्बा राव, श्रीमती मालती, रिनेष अदि उपस्थित रहे।